# दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 249 | इंदौर, सोमवार 20 मार्च, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## Headline

- भारत की फटकार के बाद जागे ब्रिटेन के अफसर: उच्चायोग में खालिस्तानी उपद्रव की निंदा की, बोले- बर्दाश्त के बाहर
- Amritpal Singh: मोबाइल इंटरनेट, SMS सेवा पर प्रतिबंध बढ़ाया, अमृतपाल के चाचा और ड्राइवर ने किया आत्मसमर्पण
- OROP भुगतान का 'सुप्रीम' फॉर्मूला: कोर्ट ने पूर्व सैनिकों के बकाया के लिए तय की तारीख
- Kisan Mahapanchayat: रामलीला मैदान पर जुटे किसान, कृषि मंत्री तोमर से मिलने पहुंचा प्रतिनिधिमंडल
- Japan: जापानी पीएम ने प्रधानमंत्री मोदी को जी7 की बैठक के लिए किया आमंत्रित, कई अहम समझौतों पर लगी मुहर
- Deepak Tijori: दीपक की 'तिजोरी' में लगी सेंध, एक्टर ने इस सहनिर्माता पर लगाया 2.6 करोड़ के फ्रॉड का आरोप

### मप्र विधानसभा बजट सत्र का 11वां दिन

# कांग्रेस विधायक खराब फसल लेकर पहुंचे

## सरकार को पेपर लीक, महू घटना पर घेरेगा विपक्ष

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का आज 11वां दिन है। इस सत्र में विपक्ष लगातार सरकार को घेर रहा है। आज भी सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस विधायक पीसी शर्मा ने 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के पेपर लीक का मामला उठाया। विपक्ष महू में आदिवासी युवती की मौत, पुलिस गोलीबारी में मारे गए युवक के परिजन पर केस दर्ज करने के मामले पर सरकार को घेरेगा। प्रदेश में हुई बारिश और ओलावृष्टि के चलते फसलों को हुए नुकसान का मामला उठाएगा।**

प्रश्नकाल के दौरान बालाघाट से बीजेपी विधायक गौरीशंकर बिसेन ने पशुपालन मंत्री प्रेम सिंह पटेल से सवाल किया।

कहा- मैंने जो सवाल किया था, उसमें बिना जमीनी जांच कार्यों के आधार पर जांच कर ली गई। क्या विधायकों की समिति बनाकर जांच कराएंगे?

स्पीकर ने विधायकों की समिति बनाने से इनकार किया, तो बिसेन बोले- क्यों नहीं बनाना चाहिए? मेरा 4 साल बाद प्रश्न आया है। कैसे आया, मैं ही जानता हूं।



भितरवार से कांग्रेस विधायक लाखन सिंह यादव बोले- हम लोगों की मांग पर कमेटी में विधायक को शामिल नहीं करते, कम से कम इनकी मांग पर ही शामिल कर दो।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह बोले- अगर आप चाहते हैं कि सच्चाई सामने आए तो यहां कमेटी में विधायकों को शामिल करने में क्या दिक्कत है?

संसदीय कार्यमंत्री नरोत्तम ने कहा- बिसेन जी वरिष्ठ और सम्माननीय हैं। जिस अधिकारी से कहेंगे, जांच करा ली जाएगी।

बिसेन बोले- आप किसी भी सदस्य को रख दीजिए। यशपाल सिंह को रख दीजिए। नरोत्तम बोले- यशपाल जी को रख देंगे।

### ध्यानाकर्षण में विधायक उठाएंगे ये मामले

- विधायक अर्जुन सिंह काकोड़िया, संजय सत्येन्द्र पाठक, नारायण सिंह पट्टा, सिवनी जिले के पेंच नेशनल पार्क के कोर एरिया क्षेत्र में व्यवसाय पर लगे प्रतिबंध को हटाने के लिए वनमंत्री का ध्यान आकृष्ट करेंगे।
- शरदेन्दु तिवारी, पंचूलाल प्रजापति, कुंवर सिंह टेकाम, रीवा के श्यामशाह मेडिकल कॉलेज में डीन द्वारा पद का दुरूपयोग करने की ओर चिकित्सा शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।
- शैलेन्द्र जैन, पांचवीं व आठवीं की परीक्षा को बोर्ड पैटर्न से मुक्त रखे जाने की ओर स्कूल शिक्षा का ध्यान आकर्षित करेंगे।
- हिना लिखीराम कावरे, साल 2006 से 2008 तक जन्म लेने वाली बालिकाओं को लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ न मिलने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगी।
- सुखदेव पांसे बैतूल के मुलताई-हतनापुर रेल्वे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य प्रारंभ न किए जाने की ओर लोक निर्माण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।
- रमेश मेंदोला शिक्षा के अधिकार के तहत कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं के शुल्क की प्रतिपूर्ति न किए जाने की ओर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकृष्ट करेंगे।

# 23 हजार पंचायतों में आज से तालाबंदी

## सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे, भूख हड़ताल पर भी बैठेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। पंचायत सचिवों का कहना है कि वे पिछले दो साल में अपनी मांगों को लेकर मंत्री भी मिल चुके हैं। बावजूद मांगों का निराकरण नहीं हो सका। फाइल फोटो।**

मध्यप्रदेश के 23 हजार से ज्यादा पंचायत सचिव सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इसे लेकर उन्होंने 14 दिन का आकस्मिक अवकाश भी लिया है। संगठन के पदाधिकारियों का दावा है कि हड़ताल पर जाने से पंचायतों में तालाबंदी की नौबत बनेगी। इससे लोगों के कई काम भी अटक जाएंगे। वेतन समेत अन्य मांगें पूरी नहीं होने के कारण वे आंदोलन का रास्ता अपना रहे हैं। कई जिलों में भूख हड़ताल भी करेंगे।

मध्यप्रदेश पंचायत सचिव संगठन के बैनरतले यह प्रदर्शन होगा। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि जुलाई-अगस्त-21 में पूरे प्रदेश में एक महीने के लिए आंदोलन किया था। तब शिवराज सरकार ने 10 अगस्त-21 को सभी मांगों को लेकर आदेश जारी करने की बात कही थी, लेकिन इसे दो साल बीतने को आए हैं। बावजूद अब तक एक भी मांग पूरी नहीं की गई है। इससे नाराजगी हैं और अब आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

### सचिवों की यह मांगें

- पंचायत सचिवों का विभाग में संविलियन हो
- 2018 से एरियर सहित 7वां वेतनमान दिया जाए
- 6वें वेतनमान की गणना नियुक्ति दिनांक से हो
- अनुकंपा नियुक्ति के आदेश का सरलीकरण कर 100% नियुक्तियां करें
- सहायक सचिवों का जिला संवर्ग में संविलियन किया जाए
- निश्चित वेतनमान दिया जाए

पांच महीने से नहीं मिला वेतन

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि सचिवों को 5 माह से वेतन नहीं मिला है। यह मांग उठाने के लिए 16 मार्च को भोपाल में जुटे थे, लेकिन आंदोलन की परमिशन ऐनवक्त पर निरस्त कर दी गई।

### लाड़ली बहना योजना का भी बहिष्कार

संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि पंचायत सचिव लाड़ली बहना योजना का भी बहिष्कार करेंगे। वहीं, हड़ताल से सभी काम ठप हो जाएंगे।

# संस्था में चार करोड़ का घोटाला

**● संचालक मंडल को जारी किया गया नोटिस**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सिक्ख मोहल्ला की जय भारत सहकारी साख संस्था का घपला सहकारिता विभाग ने पकड़ा था। नंदानगर की रेणु शर्मा ने ईओडब्ल्यू, लोकायुक्त और सहकारिता विभाग में संस्था की शिकायत की थी। रेणु के लगाए आरोप की जांच सहकारिता विभाग के उपायुक्त मदनलाल गजभिये ने की थी । सहकारिता विभाग की जांच में चार करोड़ 53 हजार रुपए का घोटाला पकड़ाया था, जिसमें संस्था के अध्यक्ष हरप्रसाद उपाध्यक्ष राकेश जैन, दुर्गाप्रसाद राजवाल, सुंदरलाल जैन, आजाद कुमार जैन, घनश्यामदास वर्मा, रोहित मंडलोई, विकास जैन, देवकाबाई और द्रोपदी जैन शक के घेरे में आ गए थे। सहकारिता विभाग में 23 अगस्त 2021 को नोटिस भी जारी किया था और संचालक मंडल से चार करोड़ रुपए की वसूली के लिए भी कहा गया। सहकारिता विभाग की जांच में स्वर्ण जयंती योजना, संस्था के भवन के मरम्मत और सदस्यों को ब्याज में छूट देने में गड़बड़ी मिली है। सहकारिता विभाग की जांच में घोटाला पकड़ने के बाद उन्होंने एमजी रोड पुलिस को संचालक मंडल के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज करने के लिए कहा था, लेकिन अभी तक मामला दर्ज नहीं किया गया है। जय भारत सहकारी साख संस्था में बिना पंजीयन रजिस्टर के बनाए गए सदस्यों के मामले की जांच शुरू हो रही है। रिसीवर बैठा दिया है। को-आपरेटिव इंस्पेक्टर को जिम्मा दिया है। तकरीबन पांच महीने पहले संचालक मंडल ने एक ही दिन में तीन हजार सदस्य बना दिए थे। फर्जी सदस्यों को लेकर दयाराम जैतपुरे, प्यारेलाल चाचोरे, खरगाप्रसाद वर्मा, पृथ्वी गोरे, कैलाश गुप्ता और अन्य लोगों ने सहकारिता अधिकारियों को शिकायत की थी और कहा गया था कि अपात्र लोगों को सदस्य बनाया गया है और जिन्हें बनाना है, उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया। इस शिकायत के बाद घनश्यामदास परिहार को रिसीवर बना दिया गया। उन्होंने शिकायत की जांच का जिम्मा अमित दुबे (को-आपरेटिव इंस्पेक्टर) को सौंपा है। अमित दुबे ने बताया कि कुछ दिन पहले ही मुझे जांच मिली है। संचालक मंडल को नोटिस जारी कर दिया गया है।

# मौसम ने गर्मी में बारिश और ठंड का अहसास करवाया ...

**बिजली चमकने, हल्की बारिश के आसार, 20 मार्च तक ऐसी स्थिति**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात शहर के पूर्वी इलाके में रात 1 बजे के बाद करीब घंटा जमकर बारिश हुई। शनिवार दोपहर बादल छाए पर बारिश नहीं हुई। रविवार दोपहर भी बादल छाए और बारिश हुई। इस बारिश मौसम बदल गया और तापमान तेजी नीचे गिर गया।**

दो सिस्टम के एक्टिव होने से कई हिस्सों में तेज आंधी, ओलावृष्टि व बारिश का दौर चल रहा है। मौसम के इस बदले सिस्टम का असर इंदौर पर भी पड़ा। शनिवार दोपहर भी जमकर बादल छाए, हालांकि बारिश नहीं हुई। इस दौरान दिन का पारा तेजी से नीचे गिरा और गर्मी के तेवर फीके पड़ गए। इस दौरान दिन का तापमान सामान्य से 5 डिग्री चला गया जो इंदौर में बीते 10 सालों में मार्च में दिन का सबसे कम तापमान (30.4 डिग्री सेल्सियस) है।

रात 10 बजे शहर के पूर्वी क्षेत्र के बंगाली चौराहा इलाके, पिपलियाहाना, एमआईजी, पाटनीपुरा, परदेशीपुरा, न्यू पलासिया सहित कई इलाकों बारिश हुई। धुलेंडी के पहले गर्मी ने अपने तेवर दिखाए थे। इसके बाद तापमान में लगातार गिरावट आई। रंगपंचमी के बाद तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव के आसार बताए, जबकि माह के अंत में लू तक चलने की संभावना जताई।

इन दिनों उत्तर भारत में एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव है जिसके प्रभाव से 14 मार्च से दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में एक मजबूत चक्रवात बना जिससे मौसम में परिवर्तन हुआ। इसी कड़ी में फिर 16 मार्च से फिर एक पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो गया। इससे बंगाल की खाड़ी से दक्षिण-पूर्वी हवाएं और अरब सागर से नमी लेकर आ रही है। इन दोनों के मिश्रण से इसका कुछ असर इंदौर व आसपास के क्षेत्रों में भी शुरू हो गया है। इंदौर, उज्जैन व आसपास तेज हवाओं के साथ बिजली चमकने व हल्की बारिश के आसार हैं। 20 मार्च तक ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी। इस बीच शनिवार को आधे प्रदेश में हल्की बारिश शुरू हुई तो दिन में इसका असर इंदौर में भी दिखा। दोपहर को जिस तरह से बादल छाए थे उससे बारिश का अनुमान था लेकिन मौसम में ठंडक घुल गई। इस दौरान दिन का अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 5 डिग्री कम ) रहा जबकि रात का न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा है। इसके पूर्व गुरुवार को दिन का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस था जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा यानी 24 घंटे में दिन के तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। इसी तरह रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 3 डिग्री कम था। इस तरह रात के तापमान में 2 डिग्री का इजाफा हुआ।

**● क्या कहता है मौसम**

- दिन का अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस (सामान्य से 5 डिग्री कम ) रहा
- रात का न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा है
- बारिश के साथ साथ ठंडक का भी असर रहेगा

## डॉ. निशा जोशी द्वारा महेश्वर नर्मदा घाट पर योग कार्यशाला

**इंदौर।** निशा जोशी योग अकादमी तथा योग गंगा योगिक, वैज्ञानिक तथा आध्यात्मिक अनुसंधान संस्थान,इंदौर द्वारा 19 मार्च को महेश्वर , नर्मदा घाट पर नर्मदा किनारे फ्री योग कार्यशाला का आयोजन संस्था निदेशक / संस्थापक अंतरराष्ट्रीय योग विशेषज्ञ डॉ निशा द्वारा किया गया जिसका विषय था - साइंटिफिक बेनिफिट्स ऑफ सूर्यनमस्कार इस कार्यशाला में डॉ निशा जोशी ने बताया की सूर्यनमस्कार के द्वारा हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता हैं, साथ ही हमारे शरीर में रक्तसंचार अच्छा होता हैं व हमारे इंडोक्राइन सिस्टम पर अच्छा प्रभाव पड़ता हैं जिससे हमारे शरीर में हार्मोन का स्राव संतुलित मात्रा में होता हैं।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता के अभाव में तेजी से बढ़ रहे हैं ट्रॉमा केसेस

**● ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में एसोसिएशन ऑफ ऑर्थोपेडिक सर्जन्स की दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में काफी विकास हुआ है लेकिन इससे एक्सीडेंट भी काफी बढे है और वो भी बहुत गंभीर। पहले शार्ट वेलोसिटी के एक्सीडेंट होते थे, जो बिना ऑपरेशन के ठीक हो जाते थे पर अब ऐसे एक्सीडेंट केसेस हमारे पास आते हैं, जिसमे लोगो की पांच-पांच हड्डिया टूट जाती है। इस वजह से ट्रामा का सिनेरियो काफी बदल गया है।

यह बात ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कांफ्रेंस एसोसिएशन ऑफ ऑर्थोपेडिक सर्जन्स, इंदौर द्वारा 20वीं एनुअल कॉन्फ्रेंस इंडोकॉन-2023 के पहले दिन सीनियर ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ डीडी तन्ना ने कही। कॉन्फ्रेंस की थीम करंट कॉन्सेप्ट इन लोअर लिंब ट्रामा है। उन्होंने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट पहनने से आपकी ही सुरक्षा होती है लेकिन इन नियमों के प्रति अभी लोगों में जागरूकता कम है। इसके साथ ही पुलिस और कानून को लेकर भी लोगो में डर नहीं है, जो हमारे लिए ही हानिकारक है। एक्सीडेंट होने के बाद आपकी लाइफस्टाइल में भी कई समस्याएं आ जाती है। ऐसे में सड़क सुरक्षा के प्रति सचेत रहना ही एकमात्र बचाव का साधन है।

# देश दुनिया में सनातन धर्म की ध्वजा फहरा रहा है गोस्वामी समाज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । देश विदेश में सनातन धर्म की पताका को पूरी बुलंदी के साथ फहरा रहा है दशनाम गोस्वामी समाज।**

ये विचार सांसद शंकर लालवानी के है, जो उन्होंने शुभ कारज गार्डन में आयोजित अखिल भारतीय दशनाम गोस्वामी समाज की महापंचायत में अतिथि बतौर कहे। मंच पर उपस्थित थे। केवडेशवर महामंडलेश्वर धर्मेंद्र पुरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. महेश गिरी,विधायक जीतू पटवारी,पूर्व विधायक जीतू जिराती, राजेंद्र भारती, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका गोस्वामी। विधायक पटवारी ने कहा कि समाज को राष्ट्र धर्म की प्रेरणा दे रहा है गोस्वामी समाज जो सराहनीय है। जिराती ने कहा कि एक छत के नीचे हजारों गोस्वामी बंधुओं का एकत्रीकरण प्रश्नसीय है। यह जानकारी कार्यक्रम प्रभारी कमलपुरी गोस्वामी ने दी। दूसरे सत्र में दशनाम गोस्वामी समाज का अखिल भारतीय युवक युवती परिचय सम्मेलन हुआ।जिसमें राज्यों के 376 युवक युवतियों ने भाग लिया।

**घर छोड़कर ना जाओ**

# मातृशक्तियों के बीच पहुंची पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । शहर की पुलिस मातृशक्तियों के बीच घर छोड़कर ना जाओ अभियान चला रही है। कल इसी कड़ी में भंवरकुआं और अन्नपूर्णा थाने की पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र में माता बहनों और बच्चियों से संवाद बनाया। दरअसल शहर में नाबालिग बच्चियों के लापता होने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। कई बदमाश उन्हें बहला-फुसलाकर शादी कर ले जाते हैं और उनकी जिंदगी भी खराब हो जाती है। इन्हीं चीजों को रोकने के लिए इंदौर पुलिस इन दिनों लगातार स्कूली बच्चियों और महिलाओं के बीच पहुंचकर उन्हें समझाइश दे रही है कि घर छोड़कर जाने के क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं। उनका जीवन किस तरह से दुख में हो सकता है। बच्चियों को पुलिस गुड टच बैड टच के बारे में जानकारियां दे रही है। बचचियों को समझाइश दी जा रही है। कल अन्नपूर्णा थाना प्रभारी गोपाल परमार और भंवरकुआं पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर बैठक लेकर समझाइश दी है।

**किचन में ही बना रखी थी टायलेट**

# होटल में मिला खराब पनीर, पसरी थी गंदगी, रिपोर्ट आने पर संचालक पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर की एक होटल में गंदगी और खराब राशन मिलने पर खाद्य विभाग ने कार्रवाई की। इसके सैंपल लेकर भोपाल की लैब में भेजे गए। रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद होटल संचालक के खिलाफ खाद्य और सुरक्षा अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने शनिवार को केस दर्ज कराया है।**

परदेशीपुरा पुलिस के मुताबिक कुछ दिन पहले खाद्य विभाग की महिला अफसर अलमेलू पीवी ने अपनी टीम के साथ मिलकर मनीष पुत्र स्व. सोहनलाल कौशल की श्री राजाराम होटल एंड ढाबा छापामार कार्रवाई की थी। जिसमें किचन में गंदगी मिलने के साथ ही वहां पर टॉयलेट बनी मिली। इसके साथ ही खाने की सामग्री को ढंककर रखने के बजाय खुले में रखा पाया गया। यहां से खाद्य विभाग की टीम ने पनीर व अन्य खाद्य सामग्रियों के सैंपल लिए थे। जिसे भोपाल में जांच के लिये भेजा गया। अफसरों ने यहां जांच में पाया कि कस्टमर को मिलावटी और सेहत के साथ खिलवाड़ करने वाला भोजन परोसा जा रहा है। इसमें खाद्य अधिनियम 2006 की धारा 32 में इसे अपराध जैसा पाया गया। इस मामले में महिला अफसर अलमेलू पीवी ने थाने में शिकायत की। जिस पर पुलिस ने श्री राजाराम ढाबे के मालिक के खिलाफ कार्रवाई की।

# बेहतर शिक्षा ही हर कदम पर सफलता का मूलमंत्र है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** विदेश में पढ़ाई और जॉब करना हर भारतीय छात्र का सपना होता है, यह उनके करियर को अलग दिशा देता है। विदेश में पढ़ाई के दौरान छात्र जहां अपने इंटरनेशनल नेटवर्क को बढ़ाने से लेकर नई संस्कृति का अनुभव करते हैं, वहीं अपनी शिक्षा और करियर को भी लाभ पहुंचा सकते हैं। यही कारण है कि प्रतिवर्ष विदेश में पढ़ाई करने वाले छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए लक्ष्य ओवरसीज एजुकेशन जो कि एक विदेशी शिक्षा का पारदर्शिता के साथ मार्गदर्शन देने वाली इस क्षेत्र की अग्रणी संस्था ने आज इंदौर सहित पुणे ,लुधियाना, चंडीगढ़ और बड़ोदरा में अपनी नवीन शाखाओं का शुभारंभ किया । इंदौर एवं अन्य शाखाओं का वर्चुअल शुभारंभ करते हुए मध्यप्रदेश शासन के उद्योग नीति एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री श्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव ने कहा कि बेहतर शिक्षा ही सफल जीवन का मूलमंत्र है । बच्चो पर अपने सपने प्रतिरोपित नही करना चाहिए, उन्हे अपने सपने पुरे करने के लिए माता पिता को स्वतंत्र छोड़ना चाहिए और सपनो को पुरे करने के लिए उचित शिक्षा अनिवार्य है।



सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर



# मध्यप्रदेश के कई जिलों में गिरे ओले फसलों को नुकसान होना तय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उमरिया/शहडोल/उज्जैन/शिवपुरी।** मध्यप्रदेश में इन दिनों बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि जारी है। इसकी मार किसानों पर सबसे ज्यादा पड़ रही है। कई शहरों में अभी आंधी के साथ तेज बारिश हुई है। इंदौर, भोपाल, सागर, दमोह, उज्जैन में तो ओले भी गिरे हैं। इससे फसलों को भी काफी नुकसान हुआ है। कई जगह तो गेहूं की फसल काली पड़ गयी हैं।

उमरिया जिले में भी अब मौसम ने अपना मिजाज बदल दिया है। बारिश-ओले गिरने से किसान चिंता में हैं। उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली में रविवार को तेज हवाओं के साथ बारिश हुई है। कहीं-कहीं ओले भी गिरे हैं। गौरतलब है कि अचानक मौसम के मिजाज बदलने से और खासकर किसानों की फसल पकने की वजह से ओले गिरने की संभावनाएं बिल्कुल ना के बराबर किसान सोच रहे थे लेकिन अब यहां ओले पड़ने शुरू हो गए हैं जिसकी वजह से किसान काफी चिंतित है। किसानों का कहना है कि पकी फसलें खेतों में खड़ी हैं। बारिश से गेहूं की फसल खराब होगी। दानों की चमक फीकी पड़ जाएगी, जिससे दाम कम मिलेंगे। वहीं ओले पड़ने से फसल के दाने खेतों में गिर जाएंगे तो भी नुकसान उठाना पड़ेगा।





## उज्जैन में बारिश के डर से कटने लगी फसल

मौसम विभाग द्वारा दी गई चेतावनी के बाद किसान खेतों में तैयार अपनी गेहूं की फसल को बचाने में लगे हुए हैं। पिछले दो दिनों से शहर ही नहीं बल्कि जिले में हो रही बारिश और ओलावृष्टि के बाद रविवार को कई गांव में गेहूं की फसलों की कटाई जारी रही। घटिया क्षेत्र स्थित ग्राम सारोला रातडिया मऊखेड़ी हो या फिर नागदा रोड स्थित जीवन खेड़ी दाऊद खेड़ी और चिंतामन रोड स्थित जवासिया हर कहीं गेहूं की फसल की कटाई जारी रही। कृषकों ने बताया कि बारिश और ओलावृष्टि के कारण खेतों में तैयार फसलों को बड़ा नुकसान पहुंचता है इसीलिए हार्वेस्टर से इन फसलों को कटवाया जा रहा है। कुछ किसानों का कहना है कि फसल थोड़ी जल्दी कटवाना पड़ रही है। दानों में हल्का हरापन और नमी अभी भी है।

## शिवपुरी के कई गांवों में ओलावृष्टि, किसानों को भारी नुकसान

शिवपुरी जिले में पिछले कुछ दिनों से बिगड़े मौसम के बीच कोलारस में ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। कोलारस विधानसभा के ग्राम रिजोदा में ओलावृष्टि से भारी नुकसान हुआ है। यहां पर शनिवार को रिजोदा मौजा लुक्की, मोहनपुर में ओलावृष्टि से लगभग 80 से 90 प्रतिशत तक फसलों को नुकसान हुआ है। किसानों ने बताया कि यहां पर धनिया में 90 से 100 प्रतिशत नुकसान हुआ है। गेहूं व सरसों में लगभग 50 प्रतिशत नुकसान हुआ है। स्थानीय किसानों ने बताया कि ओलावृष्टि के दौरान अचानक मौसम बदलने से ओले गिरे। फसलों पर इस ओलावृष्टि से खड़ी फसलों को नुकसार हुआ है। इसके अलावा कुछ ग्रामीणों व किसानों के पशुओं की मृत्यु हो गई है। किसानों ने यहां पर प्रशासन से जल्द से जल्द सर्वे कराकर नुकसान की भरपाई की मांग की है। कोलारस विधानसभा में इस ओलावृष्टि से किसानों को हुए नुकसान को लेकर कोलारस विधायक वीरेंद्र रघुवंशी ने किसानों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। विधायक के निर्देश पर स्थानीय भाजपा नेता राजकुमार रघुवंशी व अन्य नेताओं ने ओलावृष्टि से प्रभावित गांवों में पहुंचकर किसानों को ढांढस बंधाया और जल्द सर्वे कर नुकसान की भरपाई की बात कही।

**छतरपुर-** बुंदेलखंड के केदारनाथ कहे जाने वाले श्री जटाशंकर धाम में रविवार को दोपहर 4 से 5 बजे अचानक जोरदार बारिश होने लगी। काफी देर तक तेज बारिश होने के चलते पहाड़ों का पानी सीढ़ियों और गोमुख के झरने से बहने लगा। इससे मणि कुंड और मुनि कुंड उफान पर आ गए। घंटों तक सीढ़ियों पर भी पानी बहता रहा। लोक न्यास श्री जटाशंकर धाम अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल ने बताया कि श्री जटाशंकर धाम में रविवार को जोरदार बारिश हुई। इसके चलते यहां पर प्राकृतिक वातावरण बेहद मनभावन हो गया। लेकिन आसपास के इलाके में फसलों को व्यापक नुकसान की आशंका है।

**सागर** के देवरी ब्लॉक के गांवों में झमाझम बारिश हुई। जिले के घोसीपट्टी, चौपड़ा, खामखेड़ा, मढ़ी भी पानी गिरा। खरगोन के झिरन्या ब्लॉक के मलगांव कोटा में तेज बारिश के साथ ओले गिरे।

## कटनी में ओलों की बौछार

कटनी में देर शाम तेज हवाओं के साथ घने बादलों के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। जिले के कई हिस्सों में ओले की भी बौछार हुई है। किसानों के मुताबिक खेत में सब्जी लगाई हुई थी जो तेज बारिश के चलते नुकसान हो गया है। बारिश के साथ ओले भी गिरे जो तकरीबन 15 मिनट तक गिरते रहे। रीठी विकासखंड के बखलेटा ग्राम के किसानों ने बताया कि इन दिनों गेहूं की खड़ी फसल पर पानी गिरना नुकसानदायक है।

## शहडोल में कहीं रिमझिम बारिश तो कहीं गिरे ओले

रविवार को शहडोल जिले में कई स्थानों में दोपहर से लेकर शाम तक रिमझिम बारिश हुई। ब्योहारी विकासखंड के ग्राम कुदरा पलहा, बेल्हा, ढोढा तथा कोइलारी समेत आसपास के अन्य गांवों में जमकर ओले गिरे। इससे जहां तापमान में और गिरावट आई, वहीं फिजा पहले से अधिक ठंडक घुल गई। इस बिन मौसम बारिश के साथ ओलों ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीर पैदा कर दी है। गेहूं की फसल पककर कटने को तैयार खड़ी है, लेकिन बारिश के कारण अब फसल चौपट होने का खतरा पैदा हो गया है।

# विकास योजनाओं के चलते भोपाल में तीन साल में 8754 पेड़ काटे, इंदौर में 92

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। स्मार्ट सिटी और अन्य विकास योजनाओं के चलते भोपाल और इंदौर शहर में तीन सालों में 8846 पेड़ काटे गए। इसमें सबसे ज्यादा भोपाल में 8754 और इंदौर में 92 पेड़ काटे गए। हालांकि भोपाल में काटे पेड़ों की जगह 83 हजार 255 पेड़ लगाए गए। वहीं, इंदौर में कोई पेड़ नहीं लगाया गया।**

कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी के विधानसभा में भोपाल और इंदौर में पेड़ काटने को लेकर पूछे सवाल के जवाब में नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा मंत्री हरदीप सिंह डंग ने लिखित जवाब दिया। इसमें बताया कि 2020 में पर्यावरण वानिकी वन मंडल भोपाल ने लगाए पेड़ों के संधारण पर 74 लाख 38 हजार 910 रुपए, 2021 में 72 लाख 22 हजार 869 रुपए और 2022 में 5 लाख 88 हजार 974 रुपए खर्च किए गए। वहीं, भोपाल और इंदौर में दूषित हवा और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को लेकर सुधारात्मक प्रयासों को लेकर बताया कि नदी नालों में कचरा फैलाने वालों पर फाइन लगाने की कार्रवाई की जा रही है। नदी-नालों के किनारे विभिन्न क्षमता के एसटीपी स्थापित किए गए हैं। ताकि ट्रीटेड वाटर ही नदियों में छोड़ा जाए। शहर के मुख्य चौराहों पर एयर प्यूरीफायर स्थापित किए गए है। विद्युत बसों को बढ़ावा दिया जा रहा है। डीजल लोडिंग वाहनों की सीएनजी वाहन के रूप में परिवर्तित करने का प्रयास किया गया है। पीयूसी जांच केंद्र शहर के पेट्रोल पंपों पर स्थापित किए गए हैं। परिवहन विभाग द्वारा बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जाता है।

**कमलनाथ की बड़ी घोषणा**

# कांग्रेस की सरकार बनने पर देंगे 500 रुपए में सिलेंडर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने रविवार को नरसिंहपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए बड़ी घोषणा की। कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर गैस सिलेंडर 500 रुपए में देंगे। महिलाओं को 1500 रुपए देंगे। कमलनाथ ने कहा कि मैं तो आप का पड़ोसी हूं। आज एक नेता के नाते नहीं एक पड़ोसी के नाते आप सबके बीच आया हूं। शिवराज सिंह जी कहते हैं कि कमलनाथ अपने 15 महीने का हिसाब दे शिवराज जी आप अपने 18 वर्ष का हिसाब दे दीजिए मैं अपने 15 महीने का हिसाब दे देता हूं। कमलनाथ ने आरोप लगाया कि शिवराज जी आजकल आश्वासन और घोषणाओं के नशे में है। हमारे माताओं बहनों को एक हजार रुपए देने की बात कर रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं महंगाई कितनी



बढ़ गई है? मैं घोषणा करता हूं कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर गैस सिलेंडर 500 रुपए में देंगे। महिलाओं को 1500 रुपए देंगे।

### मैं महंगाई को मारना चाहता हूं

पूर्व सीएम ने कहा कि शिवराज सिंह कह रहे है कि मैं कमलनाथ की राजनीति को गाड़ना चाहता हूं। कमलनाथ की राजनीति का अंत चाहता। मैं इन सब बातों में नहीं पड़ता, लेकिन शिवराज जी मैं भी गाड़ना चाहता हूं, मैं महंगाई को मारना चाहता हूं। बेरोजगारी को गाड़ना चाहता हूं। मैं किसानों के खिलाफ होने वाले अन्याय को गाड़ना चाहता हूं। आपको शायद इसमें खुशी मिलती है कि आप कमलनाथ की राजनीति का अंत करना चाहते हैं , इस बार हम सब मिलकर आप की राजनीति का अंत कर देंगे यह प्रदेश की और नरसिंहपुर की जनता बहुत समझदार है। उन्होंने कहा कि मैंने हमेशा सौदे की कुर्सी पर बैठने से इंकार किया है। हम जनता के सहयोग से सरकार बनाएंगे।

### संविधान का रक्षक बनना है

नाथ ने कहा कि इस चुनाव में यह सारे मुद्दे तो रहेंगे ही विकास के मुद्दे रहेंगे तमाम मुद्दे रहेंगे पर सबसे बड़ा मुद्दा हमारी संस्कृति का है, हम कैसे अपनी संस्कृति की रक्षा करेंगे भारत एक ऐसा देश है, जहां इतने सारे धर्म है जातियां हैं त्यौहार हैं, रीति रिवाज है देवता है, ऐसा कोई देश विश्व में नहीं है, जिसने अन्य धर्मों को भी जन्म दिया है यह हमारा भारत है और यदि आज अपना देश एक झंडे के नीचे खड़ा है तो उसका कारण है हमारी संस्कृति जो दिल जोड़ने की, संबंध जोड़ने की संस्कृति है। कैसा प्रदेश हम आने वाली पीढ़ियों को सौंपना चाहते हैं? आपको संविधान और संस्कृति का रक्षक बनना है।

# कुएं में गिरी 2 बेटियों को बचाने के लिए पिता ने लगाई छलांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रायसेन।** पिता को तैरना नहीं आता था, लेकिन जब उसकी दो बेटियां कुए में गिरीं तो उसने उन्हें बचाने के लिए छलांग लगा दी। तीनों की डूबने से मौत हो गई है। घटना रायसेन जिला मुख्यलय से करीब सौ किमी दूर सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम टेकापार में हुई है। रविवार को रामलाल चिढ़ार की बेटियां शैफाली उम्र 14 वर्ष, वैशाली उम्र 10 वर्ष और शुभी उम्र छह वर्ष खेलने के लिए खेतों के आसपास गई थी। खेलते हुए तीनों मासूम बेटियां खेत में कुए के पास लगे पेड़ से बेर तोड़ने लगी। बेर तोड़ते-तोड़ते शैफाली व वैशाली का पैर फिसल गया और वे कुए में गिर गईं। अपनी दोनों बड़ी बहनों को कुएं में गिरते हुए देखकर शुभी चिल्लाकर रोने लगी। बच्ची की रोने की आवाज सुनकर पिता रामलाल उम्र 35 वर्ष पहुंच गए। रामलाल को तैरना नहीं आता था, लेकिन बेटियों की जिंदगी बचाने की उम्मीद लेकर उसने कुए में छलांग लगा दी। कुएं में पानी अधिक होने से पिता अपनी बेटियों को नहीं बचा सका और डूबने से उसकी भी मौत हो गई।अपनी दोनों बहनों और पिता के डूबने का मार्मिक दृश्य देखकर नन्ही शुभी की चीख-पुकार तेज हो गई। जोर-जोर से चिल्लाने की आवास सुनकर वहां से निकलने वाले पहुंच गए। उनके ही ग्राम के सुरेंद्र सिंह ने जब कुएं के पास पहुंचकर यह दृश्य देखा तो उन्होंने फोन करके ग्राम के अन्य लोगों को बुलाया। इसके साथ ही उन्होंने डायल-100 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी।

॥ ॥
MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

साहब.... 22 तारीख से चैत्र नवरात्र शुरू हो रहा है.... दुर्गा पूजा के दिन... और रामचरितमानस का पाठ करने का प्रसंग आ रहा है.... संवत्सर नया होने वाला है.... मैं मेरी समग्र... मेरा तो पूरा वैश्विक परिवार... इन सब को निवेदन करूं.... आपके मन में भाव जगे... श्रद्धा हो.... तो 22 तारीख से 30 तारीख तक रामायण का पाठ अपने घर में करना.... जितना कर सको ...एक दोहा ...2 दोहा ....रात को... जब भी... और जितना हो.... पूरा ना हो तो भी कुछ चौपाइयों का तो पाठ करिएगा ही.... क्योंकि चैत्र नवरात्र है ...दुर्गा पूजा के दिन है ...और ये स्तुति खास करना....

भव भव बिभव पराभव कारिनि
बिस्व बिमोहनि स्वबस बिहारिनि
जय जय गिरिबरराज किसोरी
जय महेस मुख चंद चकोरी
(राम कथा - 913 । मानस सद्गुरु)

# संपादकीय

## स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का लोप

राजनीतिक दलों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा लोकतंत्र के हित में होती है, मगर अब इसका लोप होता देखा जा रहा है। सत्ता में आते ही राजनीतिक पार्टियां अपने प्रतिद्वंद्वी को प्राय: रंजिश और बदले की भावना से सबक सिखाने का प्रयास करती हैं। ममता बनर्जी इस मामले में कुछ अधिक आक्रामक रुख अपनाती हैं। वे तो अपने किसी कार्यकर्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर खुद थाने तक में पहुंच जाती हैं। अगर उनके खिलाफ कोई व्यंग्य-चित्र बनाता है, तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाता है। विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से ही तृणमूल छोड़ कर भाजपा में चले गए और ममता बनर्जी को सीधे चुनौती देते आ रहे शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ शिकंजे कसने शुरू हो गए थे। हालांकि भ्रष्टाचार के मामले में अधिकारी के खिलाफ केंद्रीय जांच एजंसियां पहले से जांच कर रही थीं, मगर उनके भाजपा में शामिल होने के बाद वे ठहर गई थीं। फिर पश्चिम बंगाल सरकार ने उनके खिलाफ मुकदमे दायर कराए। इसे लेकर अधिकारी ने कोलकाता उच्च न्यायालय में निष्पक्ष जांच की गुहार लगाई थी। मगर वहां से कोई सकारात्मक निर्देश न मिल पाने की वजह से उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिख कर गुहार लगाई कि पश्चिम बंगाल सरकार विपक्षी नेताओं के खिलाफ झूठे और मनगढ़ंत मुकदमे थोप कर परेशान कर रही है। इस पर गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल सरकार से रिपोर्ट तलब की है। हालांकि केंद्र और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच भी रिश्ते लगातार तनावपूर्ण बने रहते हैं। ममता बनर्जी केंद्र के हर फैसले को चुनौती देती देखी जाती हैं। इसलिए वे गृह मंत्रालय के ताजा निर्देश पर कितना सकारात्मक रुख दिखाएंगी, समझा जा सकता है। अगर गृह मंत्रालय इस मामले को तूल देगा, तो वे उसे सियासी रंग देने से परहेज नहीं करेंगी।

सैर सपाटा

# नौ देवियों के इन मंदिरों में भक्तों की देखी जाती है सबसे ज्यादा भीड़

## एक बार दर्शन के लिए जरूर जाएं



**नवरात्रि नौ दिनों का त्योहार है, जिसमें देवी दुर्गा के 9 रूपों की पूजा की जाती है। साल में दो बार नवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है। चैत्र नवरात्रि इस साल 22 मार्च से शुरू होने वाले हैं। दुनिया भर के हिंदू नौ दिनों के त्योहार को मनाने के लिए उपवास रखते हैं। यहां हम आपको भारत के कुछ फेमस दुर्गा मंदिरों के बारे में बता रहे हैं, जहां एक ना एक बार आपको दर्शन के लिए जरूर जाना चाहिए।**

### शैलपुत्री मंदिर

नवरात्रि के पहले दिन शैलपुत्री की पूजा की जाती है। शैलपुत्री मंदिर वाराणसी के मरहिया घाट पर स्थित है। नवरात्रि के पहले दिन वाराणसी में हैं तो इस मंदिर के दर्शन के लिए जा सकते हैं।

### ब्रह्माचारिणी मंदिर

काशी के गंगा किनारे बालाजी घाट पर मां ब्रह्माचारिणी का मंदिर स्थित है। स्थानीय लोग कहते हैं कि मां के इस रूप का दर्शन करने वालों को संतान सुख मिलता है।

### चंद्रघंटा मंदिर

देवी दुर्गा का तीसरा पहलू चंद्रघंटा है, जिसका अर्थ है घंटी के आकार का आधा चांद। वाराणसी के चौक क्षेत्र स्थित पक्के महाल की संकरी गलियों के बीच ये मंदिर है।

### कुष्मांडा मंदिर

कानपुर की घाटमपुर तहसील के किनारे मां कुष्मांडा का मंदिर है। नवरात्रि के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा की जाती है। दूर-दराज के लोग यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं।

### स्कंदमाता मंदिर

वाराणसी में स्कंदमाता मंदिर है, ये अन्नपूर्णा देवी मंदिर के साथ शहर के सबसे फेमस मंदिरों में से एक है।

### कात्यायनी मंदिर

दिल्ली के छतरपुर में स्थित कात्यायनी मंदिर सदियों पुराना है। इसके अलावा देवी का मंदिर कोल्हापुर और कर्नाटक में भी है।

### कालरात्रि मंदिर

वाराणसी में मशहूर कालरात्रि देवी के मंदिर में हजारों में भक्त दर्शन करने के लिए आते हैं।

### महागौरी मंदिर

नवरात्रि के आठवें दिन महागौरी की पूजा की जाती है। महागौरी देवी मंदिर वाराणसी और लुधियाना में स्थित है।

### सिद्धिदात्री मंदिर

मां सिद्धिदात्री देवी का नौवा अवतार हैं। माता का मंदिर वाराणसी, देवपहाड़ी छत्तीसगढ़, सतना मध्य प्रदेश जैसी जगहों पर स्थित हैं।

## Highlights

1. India releases statement after Khalistani protestors pull down Tricolour at embassy in UK
2. Indian mission in London puts up bigger Tricolour after Khalistan supporters remove it
3. Pak Education Minister abuses during college convocation, apologises as video goes viral
4. Bisleri to be run by my daughter Jayanti: Chauhan after Tata ends acquisition talks
5. Credit Suisse's riskiest bonds worth ₹1.42 lakh crore written down to zero9
6. Hope driver doesn't get away with murder: Vineeta as tech CEO hit by car while jogging

# Income Tax Return: What is ITR-1 or Sahaj ? Who is eligible to file?

**NEW DEIHI, (Agency).** Income Tax Returns (ITRs) are forms used by the Income Tax Department in India to declare net tax liabilities, claim tax deductions, and report gross taxable income. An ITR must be filed by firms or corporations, Hindu Undivided Families (HUFs), and self-employed or salaried individuals. ITR filing is the process by which a taxpayer records his or her total income earned during the fiscal year. Individuals can file their taxes through the official portal of the Income Tax Department.

For Income Tax Return filing, the Income Tax Department has made it mandatory for all taxpayers to link their Aadhaar card with their PAN.(Representative Image)

For Income Tax Return filing, the Income Tax



Department has made it mandatory for all taxpayers to link their Aadhaar card with their PAN.(Representative Image)

For Income Tax Return filing, the Income Tax Department has made it mandatory for all taxpayers to link their Aadhaar card with their PAN.

Types of ITRs

ITR-1, ITR-2, ITR-3, ITR-4, ITR-5, ITR-6, and ITR-7 are all forms provided by the Income Tax Department. The taxpayer must complete the applicable form before the due date, which is determined by the taxpayer's income and category.

Who is eligible to file ITR-1?

An ITR-1 can be filed by a resident individual who meets the following criteria:

-Total income for the fiscal year does not exceed 50 lakh.

- Salary, one house property, family pension income, agricultural income (up to 5000/-), and other sources of income include:

# UBS agrees to buy Credit Suisse for more than $2 billion to end crisis: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** The Swiss bank is paying more than $2 billion for its rival, according to people with knowledge of the matter. It will be an all share deal and priced at a fraction of Credit Suisse's close on Friday, when the bank was valued at about 7.4 billion francs ($8 billion.) The people asked not to be identified because the deal isn't public yet.

The Swiss National Bank has agreed to offer a $100 billion liquidity line to UBS as part of the deal, according to the Financial Times, which reported the agreement first. Swiss authorities are poised to change the country's laws to bypass a shareholder vote, the paper reported, citing people close to the matter.

Representatives for the two banks declined to comment.

The plan, negotiated in hastily arranged crisis talks over the weekend, seeks to address a massive rout in Credit Suisse's




stock and bonds over the past week following the collapse of smaller US lenders. A liquidity backstop by the Swiss central bank mid-week failed to end a market drama that threatened to send clients or counterparties fleeing, with potential ramifications for the broader industry. US authorities have been working with their Swiss counterparts because both lenders have operations in the US and are considered systemically important in Switzerland, Bloomberg reported earlier. Authorities sought an agreement before markets opened again in Asia. UBS had earlier tabled an offer of about $1 billion, or 0.25 francs a share for Credit Suisse, which the firm had pushed back on, people with knowledge of the matter said earlier on Sunday. UBS agreed to a softening of a material adverse change clause that would void the deal if its credit default spreads jump, the FT also reported people familiar with the matter as saying.

## Uttarakhand

# बदरीनाथ-केदारनाथ और गंगोत्री सहित चार धाम में बर्फबारी, बारिश से फसलों को नुकसान

**देहरादून, (एजेंसी) उत्तराखंड में दो दिन से जारी हिमपात और बारिश ने मुश्किलें बढ़ा दीं। चारों धामों में बर्फबारी से यात्रा इंतजामों में जुटे महकमों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जबकि, मैदानी क्षेत्र में गेहूं और सरसों की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। लेकिन किसानों का कहना है कि गन्ने की फसल को बारिश से फायदा होगा।**



उत्तरकाशी जिले में मौसम ने करवट बदली है। ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी के साथ ही निचले क्षेत्रों में लगातार बारिश का दौर जारी है। शुक्रवार शाम से जिले में लगातार रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला चल रहा है। बारिश के कारण तापमान में गिरावट आने से गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में बर्फबारी का नजारा रहा। शनिवार को सुबह से जिले में दिनभर रुक-रुक कर बारिश होती रही। बारिश के कारण ठंड का असर फिर से बढ़ गया है। वहीं गंगोत्री धाम समेत मुखबा, धराली, हर्षिल, झाला, डोडीताल के साथ ही यमुनोत्री धाम, खरसाली, फतेहपर्वत, कालिंदी पर्वत, बौख टिब्बा आदि ऊंचाई वाली चोटियों पर हल्की बर्फबारी जारी है।

इस बार अचानक हुई बर्फबारी से इन जगहों पर सेब, आड़ू आदि फसल को व्यापक नुकसान पहुंचा है। कुछ जगहों पर ओलावृष्टि भी हुई है। जिले में मौसम विभाग की भविष्यवाणी के अनुसार पिछले दो दिनों से मौसम बदला है। लेकिन शनिवार को जिले में लगातार बारिश का सिलसिला जारी रहने से जल-जीवन खासा प्रभावित रहा।

## Uttarpradesh

# पत्नी और दुधमुंही बच्ची की कुल्हाड़ी से काटकर ली जान, फिर युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उन्नाव, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के बारासगवर थाना इलाके की मझिगंवा ग्राम पंचायत के मजरा रूदी खेड़ा में पारिवारिक कलह में युवक ने पत्नी और चार माह की दुधमुंही बच्ची की कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी। इसके बाद पत्नी की साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था लेकिन सफलता न मिलने से मानसिक परेशान रहता था।**

बरासगवर थाना क्षेत्र के रूदीखेड़ा गांव निवासी सेवानिवृत्त कानूनगो श्यामलाल का बेटा मोहन कुमार (35) पत्नी सीमा (30) और चार माह की बेटी के साथ अलग घर बनाकर रहता था। रविवार देर रात पारिवारिक कलह में पत्नी से विवाद के बाद कमर बंद कर पत्नी की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी।

इसके बाद चार माह की बेटी की भी हत्या करने के बाद खुद भी उसी कमरे में फंसी लगाकर जान दे दी। घर के पास ही स्थित जगन्नाथेश्वर मंदिर में भागवत कथा चलने से मोहल्ले व गांव के लोग वहीं थे। कथा के बाद पड़ोस के लोग घरों में पहुंचे तो कुछ महिलाओं ने मोहन के घर में चीख पुकार के बाद बिल्कुल सन्नाटा होने की जानकारी दी।

## Bihar

# जब पटना रेलवे स्टेशन पर अचानक से चलने लगी गंदी फिल्म, एजेंसी ब्लैक लिस्टेड

**पटना, (एजेंसी)** बिहार की राजधानी पटना रेलवे स्टेशन पर मौजूद लोगों को रविवार की सुबह बड़ी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा. इसकी वजह यह थी कि स्टेशन पर विज्ञापन प्रसारण के लिए लगे दर्जनों टेलीविजन स्क्रीन पर अचानक से एडल्ट फिल्म का प्रसारण शुरू हो गया. रेलवे स्टेशन पर एडल्ट फिल्म के प्रसारण के साथ ही वहां पर मौजूद यात्रियों में हड़कंप मच गया. बताया जा रहा है कि तकरीबन 3 मिनट तक दर्जनों टेलीविजन स्क्रीन पर एडल्ट फिल्म चलती रही जिसके कारण लोग आक्रोशित हो गए.

रेलवे स्टेशन पर मौजूद कुछ यात्रियों ने आनन-फानन में जीआरपी और आरपीएफ को इस बात की जानकारी दी, जिसके बाद टेलीविजन पर विज्ञापन चलाने वाली एजेंसी से संपर्क किया गया और एडल्ट फिल्म के प्रसारण को रोका गया.

इसके बाद रेलवे के अधिकारी भी हरकत में आ गए और टेलीविजन स्क्रीन पर विज्ञापन के प्रसारण के लिए जिम्मेदार एजेंसी दत्ता कम्युनिकेशन के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी गई. इसके साथ ही एजेंसी को रेलवे ने ब्लैक लिस्ट कर दिया है और उस पर जुर्माना भी ठोक दिया गया है.

## Jharkhand

# इश्क की आड़ में नशे का धंधा, प्रेमजाल में फंसाकर लड़कियों से कराते हैं ड्रग्स की तस्करी

**रांची, (एजेंसी)** ब्राउन शुगर समेत ड्रग्स का धंधा करने वाले तस्कर पूरी प्लानिंग के साथ कारोबार करते हैं। वे महिलाओं को पहले प्रेम जाल में फंसाते हैं। इसके बाद उन्हें अधिक पैसा कमाने का लालच देकर उनसे ब्राउन शुगर समेत अन्य नशीले पदार्थों का धंधा कराते हैं। इस बात का खुलासा रांची पुलिस की जांच में हुआ है। पुंदाग पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। उसने पुलिस को यह जानकारी दी कि उसकी आर्थिक स्थिति काफी खराब थी। बच्चों का पालन पोषण करने में परेशानी हो रही थी। इसी



बीच उसकी चतरा के एक युवक से दोस्ती हुई और वह उसके घर आने-जाने लगा। युवक उसे आर्थिक सहयोग भी करता था।

इसी दौरान युवक ने उसे ब्राउन शुगर का धंधा करने का प्रस्ताव दिया और कहा कि इससे आर्थिक स्थिति ठीक हो जाएगी। उसने कहा कि वह उसे ब्राउन शुगर लाकर घर पर देगा। बेचने के बाद वह उसे पैसे दे। 2 साल से वह युवक ही उसे ब्राउन शुगर देता था। इसके बाद परिवार के सारे लोग उसकी पुड़िया बनाकर कुछ युवाओं के माध्यम से बिक्री कराते हैं। उसने पुलिस को यह भी बताया कि उसके गिरोह में आधा दर्जन से अधिक युवा घूम-घूमकर ब्राउन शुगर बेचते हैं। रांची में एक दर्जन से अधिक महिलाएं इस धंधे का रैकेट चला रही हैं।

## खेल

# फ्लॉप पर फ्लॉप... वनडे में फिसड्डी साबित हो रहे सूर्या, 20 पारियों में 500 रन भी नहीं, कबतक मिलेगा मौका?

**नई दिल्ली. वनडे क्रिकेट में टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव का खराब फॉर्म बदस्तूर जारी है. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे मुकाबले में सूर्यकुमार एक बार फिर पहली ही गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए. सूर्यकुमार को बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने एक इनस्विंगर पर चलता किया. पहले वनडे मुकाबले में भी स्टार्क ने ही सूर्या का विकेट लिया था.**




32 साल के सूर्यकुमार को वनडे क्रिकेट में सीमित मौके ही मिले हैं, लेकिन वो उसका फायदा उठाने में विफल रहे हैं. सूर्या ने अबतक 22 वनडे मैचों की 20 पारियों में 25.47 की औसत से 433 रन बनाए हैं. इस दौरान उनके बल्ले से दो अर्धशतक निकले. पिछली 14 पारियों में सूर्या एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाए और इस दौरान वह केवल पांच ही बार दहाई का आंकड़ा छू पाए, जो उनकी वनडे क्रिकेट में खराब हालत को बयां करता है.

सूर्यकुमार यादव ने अपना वनडे इंटरनेशनल डेब्यू 18 जुलाई 2021 को श्रीलंका के खिलाफ कोलंबों में किया था. उस मुकाबले में उन्होंने नाबाद 31 रन बनाकर काफी प्रभावित किया था. फिर अपने दूसरे वनडे में ही सूर्या ने हाफ सेंचुरी भी जड़ दी थी. तब ऐसा लग रहा था सूर्या मिडिल ऑर्डर में एक मजबूत खिलाड़ी बनकर उभरेंगे, लेकिन 9 फरवरी 2022 को वेस्टइंडीज के खिलाफ 64 रनों की पारी खेलने के बाद से वह अपना मोमेंटम गंवा बैठे.

श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति में सूर्यकुमार के पास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में बड़े स्कोर खड़ा करके नंबर-चार के लिए अपनी दावेदारी पुख्ता करने का मौका था, लेकिन सूर्या ने पहले दो वनडे में जिस तरीके का प्रदर्शन किया है उससे वनडे वर्ल्ड कप में उनकी जगह बनती नहीं दिख रही है. वनडे वर्ल्ड कप भारत में ही होना है, ऐसे में घरेलू पिचों पर बाएं हाथ के फास्ट बॉलर्स के सामने उनकी कमजोरी कतई ठीक संकेत नहीं दे रही है.

## सिनेमा

# 'गैलेक्सी' पर पुलिस का पहरा, गलियों में जवान... गैंगस्टर की धमकी के बाद बढ़ाई गई सलमान खान की सिक्योरिटी

बॉलीवुड के 'दबंग' सलमान खान की जान पर मंडराता खतरा टलने का नाम नहीं ले रहा है. गैंगस्टर गोल्डी बराड़ की ओर से सलमान को धमकी दी गई है. जिसके बाद उनके घर के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है. रातभर मुंबई पुलिस के जवान सलमान खान के बांद्रा स्थित घर गैलेक्सी के बाहर गश्त लगाते हुए दिखाई दिए. पुलिस फुलऑन एक्शन में है. वे गैलेक्सी के बाहर भीड़ भी इकट्ठा नहीं होने दे रही है.



18 मार्च को सलमान के मैनेजर प्रशांत गुंजलकर को एक धमकी भरा ई-मेल भेजा गया, जिसमें सलमान खान से 'बात करने' की डिमांड की गई है. ये मेल रोहित गर्ग के नाम से मिला है. ई-मेल में लिखा था 'गोल्डी बराड़ को तेरे बॉस यानी सलमान खान से बात करनी है. इंटरव्यू देख लिया होगा उसने शायद, नहीं देखा हो तो बोल दियो देख लेना. मैटर क्लोज करना है तो बात करवा दो. फेस टू फेस करना हो तो वो भी बता दो. अभी टाइम रहते इन्फॉर्म कर दिया है अगली बार झटका ही देखने को मिलेगा...'.

ई-मेल मिलने के बाद सलमान खान के मैनेजर ने मुंबई के बांद्रा पुलिस स्टेशन में इसकी शिकायत दर्ज कराई. मामले की गंभीरता और सलमान खान की सुरक्षा को देखते हुए बांद्रा पुलिस ने IPC की धारा 506(2), 120 (B), 34 के तहत गैंगस्टर लॉरेन्स बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और रोहित बराड़ के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. साथ ही सलमान खान के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है. ये पहली बार नहीं है जब सलमान को ऐसी धमकी मिली हो. बीते दिनों ही गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने जेल से एक्टर को धमकी दी है.

## दो स्थानों पर झगड़ा, जमकर हुई मारपीट

**इंदौर**। अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट के मामलों में पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किए हैं। पहले मामले में हीरा नगर थाना क्षेत्र के न्यू गौरी नगर में रहने वाली पार्वती निनोरिया की शिकायत पर आरोपी रामस्वरू, मनोज और जितेंद्र के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। पीडिता ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उसके बेटे राहुल के साथ पैसे लेनदेन की बात को लेकर झगड़ा किया था। वह और उसका पति बीचबचाव करने आए तो आरोपियों ने तीनों को गालियां दी और हमला कर घायल कर दिया। इसी तरह पलासिया पुलिस ने फरियादी संजू कैथवास की शिकायत पर आरोपी मनोज, राज मराठा और मयंक पाल व करण वर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। फरियादी ने बताया कि वह दुकान के पास बैठकर बीड़ी पी रहा था तभी आरोपी वहां पर आए बेवजह विवाद किया और गालियां देकर डंडों से मारपीट की है।

## बिजली कर्मचारियों को पीटा

**इंदौर**। बिजली बिलों की रिकवरी कार्य के दौरान नोटिस देने गए कर्मचारियों पर दो लोगों ने डंडे से हमलाकर दिया। घटना ग्राम खेमाना एयरटेल टॉवर के पास कल हुई। पुलिस ने सहायक यंत्री कनाडिय़ा अमरङ्क्षसह सोलंकी की रिपोर्ट पर आरोपी जीवन पटेल और तेजराज ग्राम गारी पीपल्या के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा और अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण केंद्र कनाडिय़ा में पदस्थ कर्मचारी कमल चौधरी और श्रीराम ठाकुर गांव में विद्युत बिलों की रिकवरी कार्य करते हुए नोटिस बांटने का कार्य कर रहा था। तभी आरोपियों ने विवाद किया और डंडे से मारपीट चालू कर दी।

## महिला की चेन-बैग लूट में आरोपियों की तलाश

**इंदौर**। पैदल जा रही एक महिला का बैग बाइक सवार तीन बदमाश ले भागे। वारदात विजय नगर थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस केस दर्ज कर आरेपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक लूट की घटना फरियादी भावना पति दीपकुमार जोश (50) निवासी स्कीम नं. 54 मूल निवासी रोहिणी, दिल्ली के साथ गत 13 मार्च की दोपहर को हुई। पुलिस ने शनिवार की शाम को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को वह अपने घर से हॉस्पिटल के तरफ बैग लेकर पैदल जा रही थी। वह जैसे ही बडोदा बैंक के पास स्कीम न.54 विजय नगर पर पहुंची तभी सामने से एक मोटर साइकिल पर सवार तीन आरोपी आए। बदमाशों ने अचानक गले पर हाथ मारा और सोने की झपट ली। वह घबरा गई। कुछ समय बाद वही तीनों दोबारा से सामने से आए बैग भी झपट लिया। लूट के बाद आरोपी भाग गए। बैग में पैन कार्ड , आधार कार्ड और और कुछ रुपए रखे थे ।

# दाल मिल व्यापारी के बंगले में घुसे चोर

### चौकीदार को बना लिया था बंधक





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। दाल मिल व्यापारी के यहां सनसनीखेज वारदात का मामला सामने आया। बदमाशों ने यहां पर तैनात चौकीदार के हाथ-पैर बांध दिए और बंगले में घुस गए। वारदात की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और एफएसएल की टीम भी पहुंची और जांच की।**

तुकोगंज पुलिस के अनुसार सूचना मिली कि साउथ तुकोगंज इलाके में चोरी हुई है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची। यहां दाल मिल व्यापारी रामऔतार जाजू के यहां पर बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया था। मामले की जांच में पुलिस को पता चला कि बंगले पर तैनात चौकीदार के बदमाशों ने हाथ पैर बांध दिए थे। वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना मिली तो भी घटनास्थल पर पहुंचे, वहीं एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलवाया गया। टीम ने यहां पर पहुंचकर जांच की। अभी यह पता नहीं चल सका है कि आरोपी यहां से कितने का माल ले गए।

### अनेक स्थानों पर चोरों ने की वारदात

चंदन नगर थाना अंतर्गत रामानंद नगर में रहने वाले रोहित पिता राधेश्याम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मेरी मां राधा कराडे रविवार सुबह मकान की ऊपरी मंजिल की साफ सफाई कर रही थी तभी उन्होंने कमरे का ताला टूटा हुआ देख मुझे सूचना दी। मैंने जाकर देखा तो अलमारी में रखे सोने का रानी हार डायमंड की अंगूठी और 1 किलो चांदी एवं 50 हजार रुपए नदारद मिले। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया है। चोरी की एक अन्य घटना अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में हुई। फरियादी देवेंद्र पिता राजेंद्र शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह परिवार सहित 17 मार्च को रिश्तेदार के यहां भोपाल गए थे लौटे तो मकान के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर जाकर देखा तो सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था एवं अलमारी में रखे 4 लाख से अधिक के जेवरात और नकदी गायब देख उसके होश उड़ गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# व्यापारी से ऑनलाइन ठगी

### 5 रुपए भेजते ही खाते से गए 57 हजार 600 रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नारियल पानी बेचने वाले ने कस्टमर केयर पर पांच रुपए में रजिस्ट्रेश करवाया और उनके खाते से दो बार में 57 हजार 600 रुपए गायब हो गए। क्राइम ब्रांच की सायबर सेल और एमआईजी थाने के कई चक्कर लगाने के बाद अब केस दर्ज हुआ है।

छोटी खजरानी में रहने वाले दिलीप रोकड़े ने अमेजन से एक हजार रुपए का सीसीटीवी कैमरा मंगवाया था। आन लाइन मंगवाया गया कैमरा तो मिल गया लेकिन उसका एडाप्टर नहीं मिला। तब उन्होंने गूगल पर अमेजन का कस्टमर केयर नंबर सर्च कर फोन लगाया तो वह फोन ठग के पास पहुंच गया। फोन पर उन्हें कहा गया कि आप आन लाइन पांच रुपए भेज कर रजिस्ट्रेशन करवा लें। उन्हें एक लिंक भेजी गई। उन्होने पांच रुपए भेज दिए। उसके अगले दिन उनके खाते से पहले 50 हजार और दूसरी बार 7 हजार 600 रुपए निकल गए। जनवरी में हुई इस ठगी को लेकर रोकड़े बैंक पहुंचे तो उन्हें थाने पर शिकायत करने के लिए कहा गया। थाने से क्राइम ब्रांच की सायबर सेल भेज दिया गया। कई दिनों तक पैसा वापस नहीं मिला। इस मामले में अब एमआईजी पुलिस ने ठगी का केस दर्ज किया है।

## सड़क हादसा, दो ट्रक टकराए, क्लीनर की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तेजाजी नगर में देर रात दो बजे हादसे में ट्रक के क्लीनर की मौत हो गई। जबकि केबिन में सो रहा ड्रायवर घायल हो गया है। पुलिस के मुताबिक आमने-सामने दो ट्रकों की टक्कर होने की बात सामने आई है। पुलिस ने एक शव को पोस्टमार्टम के लिये एमवाय अस्पताल पहुंचाया। वहीं साथी ड्रायवर से पूछताछ की जा रही है।**

पुलिस के मुताबिक हादसा तेजाजी नगर ब्रिज पर हुआ। यहां ट्रक नंबर क्रछ्व 8880 सामने से एक अन्य ट्रक से टकरा गया। इस हादसे में क्लीनर विनोद सिंह निवासी अलीगढ़ की मौत हो गई। जबकि ट्रक का ड्रायवर मेंहदी हसन उर्फ अल्ताफ घायल हुआ है। मेंहदी हसन ने बातचीत में बताया कि वह केबिन में सो रहा था। अचानक धमाके की आवाज आई। वह केबिन में फंस गया और बेसुध हो गया। बाद में एंबुलेंस से उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उसे होश आया। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक टीम को घटनास्थल के लिये रवाना किया गया है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। मेंहदी हसन ने बताया कि उनका ट्रक आल इंडिया परमिट है। वह रात में गाड़ी विनोद सिंह के सुपुर्द कर सोने चले गया था। ट्रक में अंगूर के कैरेट भरे थे। जिसे उन्हें ट्रांसपोर्ट पर छोडऩा था। हादसे को लेकर उसे जानकारी नहीं है।

## बाइक चोर पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच पुलिस ने बाइक चोर को गिरफ्त में लिया है। क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक वाहन चोर चोरी की मोटर साईकल सस्ते में बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में है। टीम ने भंवरकुआ पुलिस के साथ मिलकर आरोपी करमजीत सिंह को पकड़ा। आरोपी ने ये मोटर साइकिल भंवरकुआ इलाके से ही चुराई थी। अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## विवाद में मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पलासिया पुलिस ने संजू कैथवास की शिकायत पर आरोपी मनोज, राज मराठा और मयंक पाल व करण वर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादि ने बताया कि वह दुकान के पास बैठकर बीड़ी पी रहा था तभी आरोपी वहां पर आए बेवजह विवाद किया और गालियां देकर डंडों से मारपीट कर धमकाते हुए भाग गए।

sponcership




दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्र ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।